**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन जयपुर**

**राज्यपाल ने सबके मंगल की कामना की**

**कहा, विश्वभर में शिल्प सौंदर्य का अनूठा उदाहरण**

**राज्यपाल ने रणकपुर मंदिर शिल्प स्थापत्य सौंदर्य की सराहना की**

जयपुर, 30 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे रविवार को पाली स्थित रणकपुर पहुंचे। उन्होंने वहां स्थित तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के मंदिर में पूजा अर्चना कर सबके मंगल की कामना की।

राज्यपाल ने अरावली पर्वतमाला के मध्य स्थित रणकपुर के भव्य जैन मंदिरों में उत्कीर्ण मूर्तियों, संगमरमर की नक्काशी और शिल्प सौंदर्य को देखते हुए कहा कि भारतीय शिल्प कला का यह अदभुत उदाहरण है। उन्होंने रणकपुर मंदिरों के कलात्मक खंभों, गुंबदों और मेहराबों पर नाजुक जालीदार काम, फूलों की आकृतियाँ को देखकर शिल्पकारों के बारीक काम पर अचरज जताया। उन्होंने कहा कि राजस्थान भक्ति, शक्ति और वास्तु शिल्प का अद्भुत कला प्रदेश हैं।

------



